मूल्य: एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–5, जुलाई 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## रायपुर में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का भव्य डीलर सम्मेलन

**मध्य भारतीय बाजारों में अपनी पकड़ मज़बूत करने हेतु रायपुर में डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन का आयोजन**



टी.एम.टी., पेंट और निर्माण सामग्री के क्षेत्र में भारत की अग्रणी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने मध्य भारत में अपने वितरण व मार्केटिंग नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने और क्षेत्र में अपनी पहुँच में विस्तार के लिए 27 जून, 2011 को रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य की अपनी फ्रैंचाइजी इकाई लिंगराज स्टील एण्ड पावर प्रा. लि. के सहयोग से होटल बेबीलोन इण्टरनेशनल में डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन का आयोजन किया। इस भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से कंपनी के 200 से अधिक डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों ने भाग लिया।

कार्यक्रम कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों श्री सुनील अग्रवाल, निदेशक, श्री एस.बी. शर्मा, सीनियर जी.एम., श्री सुशील चौधरी, जी.एम., श्री अमित सोनी, ए.जी.एम. तथा श्रीमति शिविका रावत और लिंगराज स्टील एण्ड पावर प्रा. लि. के निदेशक श्री सिद्धेश्वर प्रसाद अग्रवाल, गणेश अग्रवाल और श्री सुरेश गोयल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

मध्य भारत में कंपनी की मार्केटिंग योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "छत्तीसगढ़ में कामधेनु टी.एम.टी. की माँग तेजी से बढ़ रही है और इस माँग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हमारी योजना आने वाले छह माह में अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाकर दोगुनी करने की है।" साथ ही उन्होंने डीलर्स–डिस्ट्रीब्यूटर्स की उनके प्रयासों के लिए सराहना की। उनके इन्हीं प्रयासों की वजह से कामधेनु इस क्षेत्र में इतनी तरक्की कर सका है।




श्री अग्रवाल ने कहा, "छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र हमारे प्रमुख बाजारों में हैं। इन राज्यों में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के विस्तार के लिए हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य आने वाले समय में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बाजारों में अग्रणी स्थान हासिल करना है। घरेलू निर्माण के अतिरिक्त कामधेनु स्टील बाधों, पुलों, ऊँची इमारतों और मेट्रो ट्रैक के निर्माण के लिए बहुत उपयोगी है।"

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद अग्रवाल, निदेशक, लिंगराज स्टील एण्ड पावर प्रा. लि. ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ काम करके हम बहुत प्रसन्न हैं। हमें हर क्षेत्र में कंपनी से बेहतरीन सहयोग मिला है। इससे हमें अधिकाधिक ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुँचने में सफलता मिली है।"

सम्मेलन के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी ने मनोरंजन से भरपूर नृत्य–संगीत कार्यक्रमों का आनन्द लिया।

# दुनिया का सबसे अमीर मंदिर



केरल के विश्व प्रसिद्ध श्री पद्यनाभस्वामी मंदिर के तहखानों से मिल रहे अकूत खजाने को देखकर दुनिया विस्मय में है। मंदिर के तहखानों से प्राप्त खजानों में सोना, चाँदी, हीरे, जवाहरात के साथ साथ अनेकों और बेशकीमती वस्तुएं मिली हैं जिनकी कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार के हिसाब से पांच लाख करोड़ रूपये से भी अधिक बताई जा रही है। इन सम्पत्तियों के हिसाब से श्री पद्यनाभस्वामी मंदिर दुनिया का सबसे धनी मंदिर बन गया है। भारत में इससे पहले पचास हजार करोड़ रूपये के संपत्ति के साथ आन्ध्र प्रदेश के तिरूपति में स्थित तिरूमाला वेंकेटेश्वर मंदिर सबसे धनी मंदिर था। केरल के तिरूवनन्तपुरम में भगवाण विष्णु के 108वें अवतार में से एक श्री पद्यनाभस्वामी का यह मंदिर है। जून 2011 को सुप्रीम कोर्ट ने सात सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम गठित कर मंदिर के तहखानों की जांच करने का आदेश दिया। पूर्व में इस मंदिर का रखरखाव त्रावणकोर रायल फैमिली किया करती थी। मंदिर में छः तहखाने थे जिसे ए, बी, सी, डी, ई और एफ नाम दिया गया था। जिसमें ए और बी को लगभग 130 वर्षों से नहीं खोला गया था। जबकि सी, डी, ई और एफ को मंदिर के ही दो संरक्षक पुजारी पेरिया नामभी और ठेक्केडम नामभी समय–समय पर खोला करते थे। इन तहखानों में से एक ए तहखने को त्रावणकोर के महाराजा श्री चिथीरा थिरूनल बलराम वर्मा की उपस्थिति में 6 दिसम्बर 1931 को खोला गया था।


## रंजन मथाई होंगे नए विदेश सचिव



वर्तमान में फ्रांस में भारत के राजदूत श्री रंजन मथाई नए विदेश सचिव होंगे। श्री मथाई एक अगस्त से विदेश सचिव का कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान विदेश सचिव निरूपमा राव का कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है। श्री मथाई का जन्म 24 मई 1952 को हुआ था। उनका कार्यकाल दो वर्षों का होगा। पुणे विश्वविद्यालय से राजनीतिशास्त्र में एम.ए. करने के बाद 1974 में श्री मथाई भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए थे। वियना, कोलंबो, वाशिंगटन, तेहरान और ब्रुसेल्स के भारतीय दूतावासों में जिम्मेदारियां निभाने के बाद श्री मथाई ने 1995 से 1998 तक विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के तौर पर काम किया। वहइस्राइल और कतर में भारत के राजदूत और श्रीलंका में भारत कें उच्चायुक्त भी रहे हैं। फ्रांस के राजदूत बनने से पहले उन्होंने लंदन उच्चायोग में डिप्टी उच्चायुक्त की जिम्मेदारी भी निभाई थी।

## चवन्नी बनी इतिहास

चवन्नी यानी 25 पैसे का सिक्का चलन से बाहर हो गया है। केन्द्र सरकार के 20 दिसम्बर 2010 के आदेश के मुताबिक 30 जून 2011 से 25 पैसे और इससे छोटे सिक्कों का चलन बन्द हो गया है।




तकनीकी भाषा में कहें तो 10, 20 और 25 पैसे के सिक्के लीगल टेंडर नहीं रह गए हैं। रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2011 से बैंक इन सिक्कों को स्वीकार नहीं करेंगे। गौरतलब है कि 1, 2, 3, और 5 पैसे के सिक्कों का चलन पहले से बंद किए जा चुके हैं। अब तो अठन्नी यानी 50 पैसे भी बाजार में नहीं दिखाई देती है। जानकार सूत्रों के अनुसार 25 पैसे के सिक्के के धातु मूल्य की लागत ज्यादा पड़ती है। शुरूआत में इसका मूल्य उसकी लागत से अधिक होता था। धातु और अंकित मूल्य के बीच का यह अंतर ही सरकार का फायदा होता है। उल्लेखनीय है कि सिक्के बनाने में मुख्य रूप से तांबा, निकल, जस्ता और स्टैनलैस स्टील का इस्तेमाल किया जाता है। वैश्विक बाजार में इन प्रमुख धातुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अधिकतर देश कम मूल्य वाले सिक्के बनाने से कतराने लगे हैं।

# असम में उत्तर–पूर्व क्षेत्र की डीलर्स मीटिंग का आयोजन

**कंपनी उत्तर–पूर्व क्षेत्र में तेजी से विस्तार की संभावनाएं तलाश रही है और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रही है**



अपने देश–व्यापी नेटवर्क को सुदृढ़ करने हेतु कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने असम के डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों के लिए 18 जून, 2011 को गुवाहटी के होटल मिलेनियम में एक सम्मेलन का आयोजन किया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को उत्तर–पूर्व क्षेत्र में कंपनी के बिक्री लक्ष्यों के बारे में जानकारी देना और उन्हें इन लक्ष्यों को हासिल करने हेतु कठिन परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जी. एम. श्री दिलीप मेहरा और श्रीमति शिविका रावत उपस्थित थे। क्षेत्र में कंपनी की फ्रैन्चाइजी सहयोगी कंपनी मेघालय स्टील लिमिटेड के निदेशकगण श्री बजरंग लोहिया और श्री राहुल लोहिया भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उत्तर–पूर्व क्षेत्र में कंपनी के 100 से अधिक डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को सम्बोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश के निर्माण और आधारभूत संरचना के बेहतरीकरण के लिए समर्पित है। उत्तर–पूर्व भारत के बाजारों में विकास की ढ़ेरों संभावनाएं हैं। हम अपने फ्रैन्चाइजी सहयोगी मेघालय स्टील लिमिटेड के सहयोग से गुवाहटी में उन्नत किस्म की **500D** और **Fe-500** स्टील का उत्पादन करेंगे जिसे पूरे क्षेत्र के बाजारों में तेजी से प्रतियोगी मूल्यों पर उपलब्ध कराया जाएगा। विकास के इस सपने को साकार करने के लिए हमें आपके सहयोग की आवश्यकता है। हम आपको आश्वस्त करते हैं कि कंपनी आपको हर प्रकार का सहयोग प्रदान करेगी। हमें पूर्ण विश्वास है कि साथ मिलकर हम हर मुकाम को हासिल कर सकते हैं।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की विक्रय नीतियों की सराहना करते हुए श्री बजरंग लोहिया ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनी के साथ काम करना हमारे लिए सम्मान की बात है। कंपनी अपने उत्पादों की गुणवत्ता बरकरार रखने में मज़बूती से विश्वास रखती है। यही कारण है कि देश भर के ग्राहक कामधेनु ब्रॉंड में विश्वास रखते हैं। साथ ही, कंपनी से मिलने वाला सहयोग बहुत प्रशंसनीय है।"

गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए श्री दिलीप मेहरा ने कहा, "ग्राहकों की संतुष्टि कामधेनु इस्पात लिमिटेड का प्रमुख ध्येय और सफलता की कुँजी है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने परिवार के सभी सदस्यों का स्वागत करती है और उत्तर पूर्व क्षेत्र में कंपनी को इस ऊँचाई तक पहुँचाने के लिए शुभकामनाएं देती है।"

इस अवसर पर कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करने वाले डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया। यह मीटिंग कंपनी के लिए बेहद उपयोगी रही और इसके फलस्वरूप कंपनी क्षेत्र में अपने उत्पादों की बिक्री में वृद्धि होने के लिए आश्वस्त है।



**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

योगेन्द्र कुमार सिन्हा
**मैसर्स सिन्हा स्टील**
जहानाबाद, बिहार
फोन : 9386544496
9430296249

श्री एस.एन. मित्तल
श्री रोहित मित्तल
**मैसर्स मित्तल टिम्बर ट्रेडर्स**
पीतमपुरा विलेज, कृष्णा मार्केट
निकट गवर्मेन्ट मॉडल स्कूल
दिल्ली– 34
फोन : 9811197876, 9811334917

श्री बलबीर सिंह
श्री करमजीत
**मैसर्स भारत बिल्डिंग मैटीरियल स्टोर**
सती माता मंदिर के सामने, घग्गा रोड
समाना, जिला– पटियाला
फोन : 01764–501122

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# कामधेनु ग्रुप ने नेपाल में लाँच की रिहायशी परियोजना

**इस परियोजना में दो टावर हैं जिनका नाम राधा टावर और कृष्णा टावर रखा गया है**




कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने अन्तर्राष्ट्रीय लक्ष्यों की तरफ एक बड़ा कदम उठाते हुए अपने सहयोगी मैसर्स कामधेनु होम्स प्रा. लि., नेपाल के साथ मकालू (बीरगंज) में आयोजित एक कार्यक्रम में पड़ोसी देश नेपाल के बीरगंज में एक हाउसिंग सोसाइटी के लाँच की घोषणा की। इस परियोजना में दो टावर हैं जिनका नाम राधा टावर और कृष्णा टावर रखा गया है। यह कार्यक्रम बीरगंज (नेपाल) के कुछ महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों श्री आशुतोष अग्रवाल (कान्सलिट जनरल ऑफ इण्डिया), श्री ओम प्रकाश शर्मा (सांसद, नेपाल), अशोक तेमानी (अध्यक्ष, बीरगंज चेम्बर ऑफ कॉमर्स), श्री हीरालाल केडिया, श्री बाबूलाल चाचन, श्री रामअवतार खण्डेलवाल और श्री आत्मा राम काबरा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कामधेनु होम्स प्रा. लि. के निदेशकगण श्री के.एल. बैद्य, श्री अशोक बैद्य, श्री जीवन अग्रवाल, श्री राज कुमार बैद्य और श्री विजय सिंह बैद्य भी मौजूद थे। कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री एस.बी. शर्मा (सीनियर जी.एम.), श्री अभिषेक श्रीवास्तव (मैनेजर ) और श्री मोहन अग्रवाल ने कंपनी का प्रतिनिधित्व किया।

कामधेनु ग्रुप न सिर्फ भारतीय ग्राहको के मध्य बल्कि पड़ोसी मुल्कों के ग्राहकों के बीच भी काफी लोकप्रिय है। कामधेनु ग्रुप की अत्याधिक लोकप्रियता के चलते ही कंपनी परियोजना के लाँच की घोषणा के दिन ही 25 फ्लैट्स बुक करने में सफल हुई।

इस अवसर पर अधिक जानकारी देते हुए श्री एस.बी. शर्मा ने कहा, "अपना खुद का घर हम सभी लोगों का सपना होता है। हमारा घर हमारी शख्सियत और व्यक्तित्व को दर्शाता है। इस परियोजना के विकास में हमने इन सभी बातों का विशेष ध्यान रखा है। हम इस परियोजना में सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराएंगे। हमें उम्मीद है कि हर बार की तरह इस बार भी हम ग्राहकों की आशा के अनुरूप प्रोजेक्ट बनाने में समर्थ होंगे।"

इस कार्यक्रम में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। वे सभी इस प्रोजेक्ट की सफलता के लिए पूर्णतया आश्वस्त थे।






Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com